## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–17.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म के विरोध में डॉक्टरों की जारी देशव्यापी हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, इलाज के लिए परेशान हो रहे मरीज।**
2. **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टरों को दिया सुरक्षा का भरोसा, केंद्र और राज्य सरकार ने डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की।**
3. **हजारीबाग में शहीद हुए हवलदार के आश्रित को मिलेगी सरकारी नौकरी, दी जाएगी एक करोड़ 29 लाख रुपए की सहायता राशि भी, परिजनों से मुलाकात में मुख्यमंत्री ने की घोषणा।**
4. **मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक राजधानी रांची, खूंटी, रामगढ़ और गुमला समेत अधिकतर जिलों में भारी बारिश की जताई संभावना।**

****************

भारतीय चिकित्सिक संघ, आई एम ए के देशव्यापी हड़ताल के कारण राज्यभर में स्वास्थ्य सुविधाएं गंभीर रूप से प्रभावित हैं। कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की घटना को लेकर सरकारी और निजी अस्पतालों में चिकित्सकों की हड़ताल जारी है। राज्य मेडिकल कॉलेज के जूनियर और रेजिडेंट डॉक्टर कार्यस्थयल पर चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर हड़ताल पर हैं। राजधानी रांची समेत हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, गुमला, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, जामताड़ा और सरायकेला–खरसावां समेत अन्य जिलों में रेजिडेंट डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ अपना विरोध जारी रखा है। हड़ताल के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर, हड़ताल में शामिल कोडरमा जिले की महिला चिकित्सकों ने ऐसे मामलों की फास्टट्रैक कोर्ट में सुनवाई करते हुए दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है।

****************

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन देते हुए उनसे व्यापक जनहित में कार्य पर लौटने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा है कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों का सुझाव देने के लिए एक समिति बनाई जाएगी और राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुलिस महानिदेशक को राज्य के अस्पतालों में काम करने वाले सभी कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने हड़ताल पर गए डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री सोरेन ने लिखा है कि पश्चिम बंगाल की घटना की जितनी भी निंदा की जाए, कम है।

****************

भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल सरकार पर आरोप लगाया कि वह उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है जो इस घटना के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 43 डॉक्टरों का तबादला कर दिया है जो न्याय के लिए आवाज उठा रहे थे। श्री पूनावाला ने सत्तारूढ़ टीएमसी पर इस मामले में दोषियों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शहीद हवलदार चौहान हेम्ब्रम के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की है। इसके साथ ही आश्रित परिजनों को लगभग एक करोड़ 29 लाख रुपए भी सहायता राशि के रूप में दी जाएगी। श्री सोरेन ने आज रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शहीद हवलदार के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें भरोसा दिलाया कि दोषी अपराधी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गिरिडीह जिले के निवासी हवलदार की ड्यूटी के दौरान पिछले 12 अगस्त को एक अपराधी द्वारा हजारीबाग में हत्या कर दी गई थी।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कल पाकुड़ जिले से **मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना** का शुभारम्भ करेंगे। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता हेमलाल मुर्मू ने आज इस कार्यक्रम की जानकारी दी।

****************

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अनुश्रवण में लापरवाही बरतने पर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने रांची सदर की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी समेत सात महिला पर्यवेक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उपायुक्त ने बताया कि संतोषप्रद स्पष्टीकरण पाये जाने तक इन सभी का वेतन स्थगित रहेगा।

***************

देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। जिला प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 43 लाख 46 हजार 227 लोगों ने जलार्पण कर लिया है। अब सिर्फ पांचवी यानि अंतिम सोमवारी ही बची है। इस दौरान अब तक मंदिर को पांच करोड़ 42 लाख 55 हजार 702 रुपये की आय हुई है।

***************

गोड्डा जिले के सिल्क उत्पादक परिवारों की 250 महिला समूहों को कोकून से धागा बनाने के लिए चुना गया है।

***************

मौसम विभाग ने आज से अगले दो दिनों तक राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के निदेशक ने बताया कि आज रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला समेत आसपास के जिलों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। बारिश को देखते हुए आम लोगों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की गयी है।

***************

टोक्यो पैरालिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल और शॉट–पुट स्टार भाग्यश्री जाधव पेरिस पैरालिंपिक के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। पैरालिंपिक खेल 28 अगस्त से 8 सितंबर तक होंगे। इन खेलों में 84 एथलीट भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

***************

आकाशवाणी समाचार से प्रसारित होने वाले प्रति घंटा समाचार बुलेटिनों के प्रसारण क्रम को संशोधित किया गया है। यह संशोधन 18 अगस्त को मध्यरात्रि 12 बजे से प्रभावी होगा। इस बदलाव के बाद 5 मिनट के हिन्दी के सभी समाचार बुलेटिन का प्रसारण पहले होगा, उसके बाद 5 मिनट के अंग्रेजी समाचार बुलेटिन प्रसारित किये जायेंगे।

********समाप्त********